YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

NEWS CLIPPING: 14.10.2018

HINDUSTAN

वाईएमसीए में सबसे ज्यादा, नेहरू में सबसे कम नामांकन : जेसीबोस वाईएमसीए विश्वविद्यालय में 70 सीटों के मुकाबले सबसे ज्यादा 25 सीटों पर मतदान होना है। वहीं 45 सीटों पर निर्विरोध उम्मीदवार चुने जाएंगे। उधर, सेक्टर-16 स्थित नेहरू कॉलेज में 64 सीटों के मुकाबले सिर्फ पांच सीटों पर ही मतदान होने की संभावना है। इस कॉलेज में 50 फीसदी सीटों पर एक भी नामांकन दर्ज नहीं हुआ है।

वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में नामांकन फार्म की जांच की गई।

PUNJAB KESARI

छात्र संघ चुनाव में 57 सीटों के लिए 95 नामांकन

- 32 सीटों पर केवल एक नामांकन, जबकि 13 सीटों पर कोई नामांकन नहीं
- बिना नामांकन वाली सीटों पर 'क्लास टॉपर' को मिलेगा मौका

फरीदाबाद, 13 अक्तूबर (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए फरीदाबाद में 'विश्वविद्यालय कार्यकारी विद्यार्थी परिषद्' के चुनाव के लिए चल रही चुनाव प्रक्रिया में कक्षा प्रतिनिधियों की 57 सीटों के लिए कुल 95 नामांकन प्राप्त हुए है।

विश्वविद्यालय द्वारा कक्षा प्रतिनिधियों के 70 पदों के लिए आमंत्रित नामांकन किये गये थे। इनमें कक्षा प्रतिनिधियों की केवल 25 सीटों पर ही एक से अधिक उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। इसके अलावा, 32 सीटों पर केवल एक नामांकन हुआ है जबकि 13 सीटों पर कोई भी नामांकन प्राप्त नहीं हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीन स्टूडेंट वेलफेयर व विश्वविद्यालय चुनाव अधिकारी डॉ. नरेश चौहान ने बताया कि कक्षा प्रतिनिधियों के नामांकन वापसी प्रक्रिया के अंतिम दिन आज तीन उम्मीदवारों ने अपने नाम वापिस लिये है। इस प्रकार, अब कक्षा प्रतिनिधियों की केवल 25 सीटों के लिए चुनाव होगा। सभी कक्षा प्रतिनिधियों के चुनाव संबंधित विभागों में 17 अक्तूबर को प्रात: 9:30 बजे से प्रात: 11:30 बजे आयोजित किये जायेंगे।

चुनाव के तुरंत बाद इसी दिन मतगणना होगी तथा 17 अक्तूबर को दोपहर 1 बजे कक्षा प्रतिनिधियों के परिणाम घोषित कर दिये जायेंगे। डॉ. चौहान ने बताया कि जिन सीटों पर केवल एक नामांकन प्राप्त हुआ है, वहां नामांकित उम्मीदवार कार्यकारी विद्यार्थी परिषद् के पदाधिकारियों तथा सदस्यों की चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए पात्र होंगे और जिन 13 सीटों पर नामांकन प्राप्त नहीं हुए है, वहां कक्षा प्रतिनिधि के रूप में 'क्लास टॉपर' को नामांकित किया जायेगा। इस प्रकार, सभी नामांकित कक्षा प्रतिनिधि तथा चुनावी प्रक्रिया के तहत चयनित कक्षा प्रतिनिधि कार्यकारी विद्यार्थी परिषद् के पदाधिकारियों तथा सदस्यों की चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यकारी विद्यार्थी परिषद् के पदाधिकारियों तथा सदस्यों का चुनाव विश्वविद्यालय के मल्टीमीडिया सेंटर में होगा। जिसमें कक्षा प्रतिनिधि दोपहर 2 बजे से 2:30 बजे तक विभिन्न पदों के लिए नामांकन भर सकेंगे। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच व छंटाई की जायेगी तथा उम्मीदवारों को नामांकन वापसी का समय दिया जायेगा।

पंजाब केसरी ई-पेपर Sun, 14 October 2018
epaper.punjabkesari.in/c/33129120

NEWS CLIPPING: 14.10.2018

THE TRIBUNE

Poor response to student polls

No candidates for 13 seats in F'bad college

BIJENDRA AHLAWAT
TRIBUNE NEWS SERVICE

FARIDABAD, OCTOBER 14
The election process for the student body at the JC Bose YMCA University of Science and Technology here has evoked a poor response.

The elections are due to be held on October 17. There are a total of 70 seats of Class Representative (CR) here.

University officials said that while a total of 95 nominations have been filed for 57 CR seats, no one has applied for 13 seats. Only one candidate each has filed papers for 32 seats of CR so far. Two or more candidates have filed nomination at 25 seats.

According to Naresh Chauhan, Dean Students Welfare, who is also the Election Officer, of the YMCA university, candidates with valid nominations would be allowed to take part in the election process.

He said the election of the CRs would be held between 9.30 am and 11.30 am on October 17. The results would be declared at 1 pm the same day after counting of votes.

Admitting that there were 13 seats where no nomination has been filed, he said the class toppers would be nominated as CR as per the guidelines.

He said the result of those seats where there is only one nomination will be declared after verification of the candidate's papers. Accordingly, all nominated and elected CRs would be able to participate in the process to elect the office-bearers and the members of the University Executive Students Council.

The Tribune (Haryana Edition) Mon, 15 October 2018
https://epaper.tribuneindia.

NEWS CLIPPING: 14.10.2018

DAINIK HASKAR

वाईएमसी यूनिवर्सिटी में 95 नामांकन

जेसी बोस यूनिवर्सिटी वाईएमसीए में 'विश्वविद्यालय कार्यकारी विद्यार्थी परिषद' के चुनाव के लिए चल रही चुनाव प्रक्रिया में कक्षा प्रतिनिधि की 70 सीटों में से 57 सीटों के लिए कुल 95 नामांकन प्राप्त हुए हैं। यूनिवर्सिटी द्वारा कक्षा प्रतिनिधियों के 70 पदों के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए थे। इनमें कक्षा प्रतिनिधियों की केवल 25 सीटों पर ही एक से अधिक उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। इसके अलावा 32 सीटों पर एक ही नामांकन हुआ है, जबकि 13 सीटों पर कोई भी नामांकन प्राप्त नहीं हुआ।